प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय में मनायी गयी पंत जी की 134वीं जयंती

पंतनगर। 10 सितम्बर 2021। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की 134वीं जयंती के अवसर पर पंतनगर विश्वविद्यालय के नाहेप प्रांगण में विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, तथा विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण, अधिकारी एवं कर्मचारी ने आज प्रातः पंडित पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविन्द; उप राष्ट्रपति, श्री वेंकैया नायडू; माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी, माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड, श्रीमती बेबी रानी मौर्य; उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी एवं कृषि मंत्री, श्री सुबोध उनियाल के प्राप्त संदेश को विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निदेशकों द्वारा पढ़ा गया।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए कुलपति, डा. तेज प्रताप ने कहा कि देश के प्रथम कृषि विश्वविद्यालय के स्थापना में पंत जी का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है और हमें गर्व है कि पंत जी के नाम पर यह विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि 1960 में इस विश्वविद्यालय की स्थापना जिस उद्देश्य के साथ हुई थी हमें हर्ष है कि उस उद्देश्य के तहत आज भी अपना योगदान दे रहा है। कृषि के विकास हेतु पंतनगर विश्वविद्यालय की स्थापना में उनके अविस्मरणीय योगदान के बारे में भी उन्होंने बताया, जिसके कारण देश की कृषि व आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली। डा. तेज प्रताप ने सभी से आह्वान किया कि पंडित पंत के सपनों को पूरा करने एवं विश्वविद्यालय को आगे ले जाने के लिए संकल्प लें।

इससे पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया।

पंडित पंत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप।